NT>

Title: Need to include Ranchi as hill area for marketing of L.P.G.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र रांची का काफी हिस्सा पठारी क्षेत्र है और यहां पर ईंधन के रूप में अधिकांश लोग लकड़ियों को जलाते हैं, जिसके कारण पेड़ कटते जा रहे हैं। पेड़ न कटें, इसके लिए पैट्रोलियम मंत्रालय ने पहाड़ी क्षेत्रों में

LPG

के डिसट्रिब्यूशन के आबंटन से प्राथमिकता दी जाती है, जिससे पहाड़ों पर रहने वाले

LPG

के प्रयोग कर सकें। इससे पेड़ों की कटाई कम हो जाएगी। इस संबंध में हिल्स एरिया के अंतर्गत जो

LPG

मार्केटिंग की जो व्यवस्था है, उसमं रांची को शामिल नहीं किया जाता है। इस संबंध में माननीय मंत्री जी से मैं मिला, तो उन्होंने कहा कि रांची को हम हिल्स एरिया में अन्तर्गत

LPG

डिस्ट्रीब्यूशन का आबंटन करेंगे, किन्तु मेरे एक संसदीय प्रश्न में कहा गया है कि योजना आयोग ने रांची के कुछ एरिया को हिल्स एरिया नहीं माना है, जिससे आपके हिल्स एरिया में

LPG

डिस्ट्रीब्यूशन नहीं देंगे। जो वास्तव में हिल्स एरिया है, किन्तु योजना आयोग उसे हिल्स एरिया नहीं मानता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि हिल्स एरिया के अन्तर्गत

LPG

मार्केटिंग में रांची को शामिल किया जाए, जिससे हिल्स एरिया में पेड़ों को कटने से रोका जा सके।